दैनिक जागरण 25/09/2024

कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से मिलेगी सफलता : डा. रोहित

जागरण संवाददाता • अंबाला : गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि आत्मविश्वास ही सफलता की पहली सीढ़ी है।

सफलता की चाबी, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प में ही है। अपने अध्यापकों के निर्देशन में खूब मेहनत करके अच्छी शिक्षा प्राप्त कर वे अपने सभी सपने साकार कर न केवल अपना बल्कि अपने माता पिता, अपने कालेज एवम अपने जिले का नाम रोशन कर सकते हैं। वे कालेज में कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग द्वारा इस सत्र में कालेज में प्रवेश पाने वाले छात्रों के लिए फ्रेशर पार्टी के शुभारंभ पर बोल रहे थे। कार्यक्रम का आयोजन विभाग की डीन डा. प्रभलीन कौर एवं विभागाध्यक्ष प्रो. श्याम रहेजा के दिशा निर्देशन में किया गया। प्रो श्याम रहेजा ने बताया कि फ्रेशर्स पार्टी न केवल नए छात्रों के लिए स्वागत समारोह है, बल्कि यह एक महत्वपूर्ण सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी है। इसके माध्यम से नए छात्रों को कालेज के माहौल में समायोजित होने में मदद मिलती है। इस दौरान विद्यार्थियों ने गायन, नृत्य, मिमिक्री, ड्रामा आदि का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही कार्यक्रम को रोचक बनाने के लिए गेम्स का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में प्रतिभा प्रदर्शन के आधार पर मुस्कान और सुहानी को मिस फ्रेशर, आदर्श और रिधम को मिस्टर फ्रेशर एवम आशी को मिस पर्सनेलिटी, अर्नव और सनप्रीत को मिस्टर पर्सनेलिटी के खिताब से नवाजा गया। इस कार्यक्रम में डा. भारती सुजान, प्रो सृष्टि, प्रो. योगिता, प्रो. प्रियंका, प्रो. अर्चना, डा. कृष्ण कुमार पुनिया, डा. सुरेंद्र, प्रो. जस्मिता, प्रो. रितिका, डा. गीता कौशिक, प्रो कवीश नायक, डा. राजेंद्र कुमार देसवाल, डा. एस के पांडे, डा. राकेश आदि मौजूद रहे।

फ्रेशर पार्टी में शामिल विद्यार्थी व स्टाफ। • सौजन्य विज्ञप्ति